तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 23 मई 2024



12 मोहंदीपाट में फिर खुल सकती है, 13 साल से बंद शराब दुकान




13 सड़क पर सामान न फैलाएं व्यापारी दुकान के ....





## खबर संक्षेप

### व्यायाम शिक्षकों के मार्गदर्शन में 178 बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर जीते पदक

**बालोद।** शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ जिला बालोद के पदाधिकारियों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि व्यायाम शिक्षकों द्वारा 16 जून से लेकर 30 अप्रैल तक वर्षभर चाहे प्रशासनिक हो या अप्रशासनिक विभिन्न प्रकार के खेलकूद एवं विभिन्न गतिविधियां में अपनी सेवा देते हैं। इसके कारण वो अपने परिवार से दूर रहते हैं। बालोद जिला बनने के बाद व्यायाम शिक्षकों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के फलस्वरुप विभिन्न खेलों में राज्य स्तर पर 2013 से 2024 तक 6530 एवं राष्ट्रीय स्तर पर 766 बालक बालिकाओं ने भाग लिया है तथा राष्ट्रीय स्तर पर 178 बालक बालिकाओं ने पदक प्राप्त किया है। वर्तमान में बालोद जिले में कुल 102 व्यायाम शिक्षक पदस्थ हैं। शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ ने कहा यह उपलब्धि बालोद जिले के व्यायाम शिक्षकों की मेहनत को दर्शाता है।

### उधारी रकम नहीं देने पर प्राणघातक हमला


**भिलाई।** उधारी रकम नहीं देने पर पीड़ित पर चाकू से प्राणघातक हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 307 के तहत कार्रवाई किया है।जामुल पुलिस ने बताया कि श्रमिक नगर निवासी सुकदेव चौहान मनमीत स्टील कास्टींग कंपनी राजीव नगर में ढलाई का काम करता है। राम सकल चौहान पीड़ित का छोटा भाई है। जो राजमिस्त्री का काम करता है। राजीव नगर निवासी सन्ने लाल प्रसाद ने राम सकल चौहान से उधारी में पैसा का डिमांड किया। राम ने रुपए देने से मना करने पर सन्ने लाल प्रसाद ने राम सकल के साथ विवाद करने लगा। 17 मई शाम राजीव नगर ठेठवार पारा के पास धारदार चाकू से राम सकल चौहान को जान से मारने की नियत से प्राण घातक हमला कर दिया। घटना में राम सकल चौहान के पेट में गंभीर चोंट आई है। तुरंत गंभीर अवस्था में राम सकल चौहान को गंगोत्री अस्पताल दुर्ग उपचार के लिए ले जाया गया।

### हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** हत्या के एक मामले में 6 साल से फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 307, 302 के तहत जुर्म दर्ज किया है।एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 26 अप्रैल 2018 को रायपुर निवासी भकला उर्फ भोला की रेलवे कालोनी दुर्ग के बगल हत्या कर दी गई थी। आरोपी तितुरडीह कैलाश नगर दुर्ग निवासी मुकेश चौहान था। जीआरपी ने आरोपी मुकेश की लगातार हत्या के मामले खोजबीन कर रही थी, लेकिन आरोपी पुलिस पकड़ में नहीं आ रहा था। मामले में दुर्ग जिला न्यायालय से कई बार वारंट इश्यू हुआ। लेकिन पुलिस आरोपी को पेश नहीं कर पा रही थी। एसपी जितेंद्र शुक्ला ने इसके लिए टीम बनाया। पुलिस ने चारों तरफ आरोपी का फोटो वायरल करने के बाद सोमवार रात मोहन नगर पुलिस ने आरोपी मुकेश चौहान को गिरफ्तार किया। पुलिस ने जीआरपी के हवाले आरोपी को कर दिया है। पुलिस ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते ही आरोपी मुकेश चौहान ने भकला उर्फ भोला की हत्या बोल्डर पकड़ किया था।

## बेमौसम बारिश : जिला मुख्यालय सहित आसपास के कई गांवों में मंगलवार को हुई बारिश

# तूफान से तबाही, छप्पर उड़े, कई जगह पेड़ और बिजली खंभे के गिरे, अंधेरे में गुजरी लोगों की रात


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


मंगलवार की रात तूफान ने तबाही मचाई है, तूफान ने जिले भर में सैकड़ों विशाल पेड़ों को ध्वस्त कर दिया। इससे लाखों रुपये का नुकसान भी आमजनता को हुआ है।

वहीं, बारिश की बात करें तो मंगलवार की रात करीब 8 बजे से शुरू हुई बारिश रात भर रुक रुककर होती रही। बालोद तहसील में सबसे अधिक 21 मिलीमीटर और देवरी तहसील में 16.9 मिलीमीटर तथा अर्जुन्दा तहसील में 4.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज किया गया है, जबकि जिले के अन्य तहसील क्षेत्रों में आंकड़ा शून्य रहा है, यानी जिले के इन तीन तहसील क्षेत्र को छोड़ बाकी कहीं पर भी बारिश नहीं हुई है। इसके साथ ही जिला मुख्यालय में रात भर बिजली बंद रहने से जहां शहरवासी परेशान नजर आए तो वहीं ग्रामीण इलाकों में ग्रामीण अंधेरे में ही रात बिताई। मंगलवार की रात से लेकर बुधवार दोपहर तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई। इसके कारण ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक परेशनी महिलाओं को हुई, उन्हें घरों में पानी के लिए भटकना पड़ा।

### बालोद-दुर्ग रोड पर गिरे कई पेड़ और बिजली तार

जानकारी के अनुसार झलमला से लेकर ग्राम लाटाबोड तक दर्जनों पेड़ गिर गए। सबसे बड़ी बात मुख्य मार्ग में दर्जन भर से अधिक विशाल पेड़ व विद्युत पोल भी सड़क के बीचो बीच गिर गया था। जिसके कारण कई घंटों तक सड़क के दोनों ओर जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि यातायात, कोतवाली पुलिस तथा वन विभाग की टीम रात में ही कड़ी मशक्कत कर सड़क पर गिरे पेड़ों व विद्युत पोल तथा तार को हटाया। रात करीब 3 बजे तक यह टीम लगातार कार्य करते हुए आवागमन को बहाल करने मौके पर डटे रहें।

## बेमौसम आंधी-बारिश ने बरपाया कहर

**बालोद।** जिले में बेमौसम बारिश का कहर आँधी तूफान और बारिश के रूप में देखने को मिला, जिसके कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त नजर आ रहा है। लोगों को बिजली पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। पानी के लिए दिनभर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को भटकना पड़ा। वहीं, रात्रि के दौरान राहगीरों को सड़क पर गुजरने और अपने मंजिल तक पहुँचने के लिए भारी दिक्क्तों का सामना करना पड़ा। कुछ स्थानों पर आवागमन सुचारु करने के लिए पेड़ों को रात में ही सड़कों से हटाया गया।

बेमौसम बारिश और तेज आँधी तूफान के कारण दर्जनों गाँव में रात से ही बिजली की समस्या बनी हुई थी, जिसके कारण लोगों को सुबह पानी के लिए भटकना पड़ा साथ ही अन्य सुविधाओं से वंचित होना पड़ा। वहीं, आँधी तूफान से अनेक घरों के टिन छप्पर भी उड़ गए जिसके कारण रात में उन्हें दूसरों के घरों का सहारा लेना पड़ा। इसी तरह रबी फसल के तहत धान की कटाई और मिजाई का काम जोरों पर चल रहा था, जो बेमौसम बारिश और आँधी तूफान की चपेट में आने से प्रभावित हुआ है हालांकि आँधी तूफान में जन हानि की जानकारी प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन धन हानि बहुत ज्यादा हुई है, जिसका आंकलन लगाया जा रहा है।

### अंगारी में 100 से ज्यादा पेड़ धराशाई, 10 से ज्यादा खंभे गिरे

ग्राम अंगारी में आंधी तूफान का कहर सबसे ज्यादा देखने को मिल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार यहां लगभग 100 पेड़ आँधी तूफान की चपेट में आने से धराशाई हो चुके हैं। वहीं, 10 से 15 बिजली खम्भे टूट चुके हैं। इसके कारण गाँव में बिजली की समस्या बनी हुई है। वहीं लगभग 25 घरों में लगे टिन छप्पर आँधी तूफान में उड़ चुके हैं। पंचायत द्वारा बनाए गए शेड भी आँधी तूफान की चपेट में आने से प्रभावित हुए हैं। घरों में लगे छप्पर हवा में उड़ने के कारण कुछ ग्रामीणों को दूसरे के घरों में रात गुजारनी पड़ी। वहीं, सड़कों पर पेड़ के गिरने से गाँव तक वाहनों का पहुँचाना मुश्किल साबित हो रहा था, जिसे सुबह काट कर हटाया गया।

आँधी तूफान की चपेट में आने से कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। महेश्वर सिन्हा ने बताया कि कार रोजाना की तरह घर के बाहर खड़ा कर सभी लोग घर में मौजूद थे इस दरमियान अचानक आंधी तूफान शुरू हुआ और पीपल का पेड़ कार पर गिर गया। इससे कार के काँच टूट चुके हैं और बॉडी भी चपेट में आ गईं है। सरपंच सरिता ध्रुव ने बताया कि गाँव में आँधी तूफान से बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। लगभग 100 पेड़ धराशाई हो गए हैं, 25 घरों के टिन छप्पर उड़ गए हैं, वहीं बिजली के कई खंभे गिर गए हैं। इसके कारण बिजली बंद है। इसकी जानकारी विद्युत विभाग को देकर जल्द से जल्द सुधार करने का आग्रह किया गया है।

### हीरापुर में भी गिरा पेड़, नीलामी कर ग्रामीणों को किया बिक्री

मंगलवार की रात तूफान ने शहर से लेकर बालोद ब्लाक के गांवों में तबाही मचाई है। हीरापुर में दर्जनों पेड़ तूफान की वजह से गिर गए हैं। उन लकड़ियों को बुधवार को पंचायत द्वारा नीलामी कर ग्रामीणों को ही बेचा गया। हीरापुर में ही जगह-जगह विद्युत पोल गिरे हुए हैं, लेकिन उसे सुधारने बुधवार की शाम तक भी विद्युत विभाग की टीम उक्त स्थल नहीं पहुंची। यहां के ग्रामीण मंगलवार की रात अंधेरे में गुजारे तो वहीं बुधवार को भी सारा दिन बिजली बंद रहने से जनजीवन प्रभावित हुआ।

### पेड़ टूट कर वाहनों पर गिरा, लाखों रुपए का नुकसान

बारिश से ज्यादा आंधी तूफान ने कहर बरपाया है। तूफान इतना भयानक रूप लिया था कि कई मोटरसाइकिल सहित पीकअप व महंगी चारपहिया वाहनों के ऊपर पेडों के मोटे डंगाल गिर गए, इससे वाहन मालिकों को लाखों का नुकसान पहुंचा है। हालांकि हालात को सम्हालने मौके पर तैनात विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने पेड़ों के नीचे लदे वाहनों को बाहर निकाल लिया लेकिन नुकसान तो काफी ज्यादा हुई है।

## पेड़ों के साथ बिजली के खंभे गिरे, छत पर रखी पानी की टंकियां उड़ीं



**दल्लीराजहरा।** तेज आंधी तूफान के साथ शाम रात में झमाझम बारिश हुई। कहीं पेड़ की डंगाल टूट गई, तो कहीं छतों की टंकियां उड़ गईं। कई जगह आंधी से पोल टूटे और रात से ही बिजली बंद रही।

■ दल्लीराजहरा अंचल में आंधी-बारिश ने बढ़ाई लोगों की समस्या

विद्युत की आंख मिचौली जारी रही लाइट आती रही जाती रही। हालांकि, बारिश के कारण लोगों को गर्मी व उमस से थोड़ी राहत मिली है। 21 व 22 मई की दरमियानी रात व बुधवार को दोपहर तापमान का पारा 41 डिग्री तक चढ़ा। असहनीय धूप व भारी गर्मी रही। लोग बेचैन रहे। वहीं रात में एक बजे तेज आंधी तूफान के साथ अंचल में झमाझम बारिश हुई है। आंधी तूफान से कई जगह पेड़ के डंगाल टूट गए, पेड़ गिर गए। बीएसपी कार्यालय के पास एक बिल्डिंग की छत से पानी टंकी उड़कर जमीन पर गिर गई। बारिश से सड़क के गड्ढों व गलियों में पानी भर गया। कच्ची सड़कों पर कीचड़ हो गया। कीचड़ से लोगों की परेशानी बढ़ गई। हालांकि बारिश होने से अन्य दिनों की अपेक्षा गर्मी व उमस से थोड़ी राहत है।

### खरीफ खेती किसानी में आएगी तेजी

रात में हुई झमाझम बारिश से खेतों की जमीन गीली हो गई। इससे अब खरीफ खेती किसानी में तेजी आएगी। किसान व मजदूर अब खेतों में व्यस्त नजर आएंगे। वहीं रबी सीजन के तैयार धान फसल की कटाई-मिंजाई बारिश से प्रभावित हुई है। खड़ी फसल जमीन पर गिर गई है, इससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

# सरकार चली गई, पर पूर्व सीएम की घोषणा पर नहीं हुआ अमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छात्रों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर की सभी प्रकार की प्रतियोगिताओं के काबिल बनाने के उद्देश्य से अंग्रेजी मीडियम में अध्ययन-अध्यापन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की शुरूआत की गई थी।

प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की मांग पर दुर्ग विकासखंड के ग्राम अंडा, पाऊवारा, अंजोरा ख, कातरो, तिरगा में अंग्रेजी माध्यम स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलने के लिए पूर्व में कांग्रेस शासन से अनुमति मिल गई ▶▶| शेष पेज 12 पर




### पालकों में दिख रही नाराजगी

वर्तमान में स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है लेकिन, क्षेत्र के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुसार शाला के रूप में मंजूरी नहीं मिली। पालक इंतजार कर रहे कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शाला इस क्षेत्र में खुलेगा, तो शिक्षा में सुधार होगा। लेकिन, अभी तक पहल नहीं किए जाने से उनमें नाराजगी दिख रही है। इस सम्बन्ध में दूरभाष पर जिला के शिक्षा विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया।

### खिलवाड़ कर रही सरकार

स्वामी आत्मानंद नहीं खुलने से गांव के बच्चों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रदेश भाजपा सरकार के झूठ को जनता पूरी तरह से जान चुकी है। इस स्तर की राजनीति करना ठीक नहीं है।

- **पुकेश चंद्राकर**, पूर्व अध्यक्ष, शाला विकास समिति अंडा

### अंग्रेजी स्कूल खोले सरकार

बच्चों की अच्छी पढ़ाई के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोला जाना चाहिए ताकि गरीब वर्ग के बच्चों को भी अच्छा शिक्षा मिल सके।

**संगीता साहू सरपंच** ग्राम पंचायत अंजोरा ख

# गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ एवं उपासना अभियान आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ एवं उपासना अभियान 23 से 26 मई तक किया जा रहा है। बालोद जिला गायत्री परिवार के निर्देशानुसार डौंडीलोहारा विकासखंड के गाँवों में भी स्थानीय गायत्री परिवार द्वारा अधिक से अधिक घरों में यज्ञ किया जाएगा। कोई भी श्रद्धालु जन 23 से 26 मई की अवधि में अपने घरों में यज्ञ करना चाहते हैं, वे गायत्री प्रज्ञा पीठ डोंडीलोहारा में पंजीयन करा सकते हैं। इस यज्ञ आंदोलन का उद्देश्य देव परिवार निर्माण, प्रतिभा संवर्धन ,आत्म शक्ति का अभ्युदय, पर्यावरण संरक्षण, वातावरण का परिशोधन, समग्र स्वास्थ्य, संस्कारों की पुनर्स्थापना, वैचारिक उत्कृष्टता, समर्थ राष्ट्र का निर्माण एवं विश्व कल्याण है।


सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है



पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100



Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Balod To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book 9926411411
*T&C Apply
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp



online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# दुर्गा वाहिनी की बहनों ने तलवार व दंड चालन कर किया शौर्य प्रदर्शन

## प्रांत स्तरीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के समापन पर दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दुर्गावाहिनी विश्व हिंदू परिषद के प्रांत स्तरीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के समापन पर बालोद शहर के मुख्य मार्गों से पथ संचलन के बाद बौद्धिक वर्ग हुआ। इस अवसर पर प्रदेश संगठन के प्रमुख लोगों ने बहनों का मार्गदर्शन किया। कक्षा 10वीं की परीक्षा में पूरे प्रदेश में 5वां स्थान प्राप्त करने वाली गुरुर ब्लाक के ग्राम उसरवारा निवासी पद्मिनी शांडिल्य को विहिप ने उच्च शिक्षा के लिए गोद लेने की घोषणा की। इससे पहले संगठन गीतों के साथ पथ संचलन करने वाली बहनों को मुख्य मार्गों पर हाथ में तलवार, दंड चलाते देखना बालोद शहर व जिलेवासियों को रोमांच करने वाला था। वर्ग में बिलासपुर, सक्ति, दुर्ग, गरियाबंद, पेंड्रा रोड, चारामा, कोंडागांव, राजनांदगांव, बालोद, धमतरी, मुंगेली से बड़ी संख्या में बहनें व उनके पालक समापन समारोह में शामिल होने पहुँचे। मुख्य अतिथि बौद्धिक वर्ग में केंद्रीय सत्संग प्रमुख बसंत रथ, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमलता बिसेन, प्रदेश मंत्री नंदुराम साहू, दुर्गावाहिनी प्रांत सह संयोजिका पूजा जैन, प्रीति दुबे, विभाग मंत्री अरुण गुप्ता, पुर्णिमा साहू, लाल मुनई सिंह, जिला अध्यक्ष विहिप बलराम गुप्ता, जिला मंत्री राजेश सोनी, जिला संयोजिका सत्या साहू, स्वेता राजपूत, महेंद्र सोनवानी, उमेश सेन, बोधन भट्ट, नीलेश श्रीवास्तव, शंकर साहू, जानकी यादव, रोमा राय, मुरली साहू, चौलेश देशमुख, पुनिता मिश्रा, उषा साहू, ढाल साहू, देवदयाल साहू, मोहला, पद्मिनी साहू, योगिता साहू, धारणी निषाद, खिलेश्वरी साहू, केशरी साहू सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

### बालोद का वर्ग प्रांत का सबसे बड़ा वर्ग रहा

छत्तीसगढ़ विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित बालोद जिला का यह वर्ग बहनों की संख्या के आधार पर प्रांत का सबसे बड़ा वर्ग रहा। इसमें 8 विभाग, 13 जिलों से 280 बहनों को 12 प्रशिक्षित शिक्षिकाओं ने वर्ग में प्रशिक्षण दिया। इस दौरान जहां संस्कार शाला मैदान में समापन अवसर पर बहनों ने शस्त्र प्रदर्शन किया।



### बेटी को आगे शिक्षा में सहयोग के लिए संगठन ने लिया गोद

वर्ग के अंतिम दिन दीक्षांत समारोह में पहुंचे विहिप के प्रांत अध्यक्ष संतोष गोलछा ने गुरुर ब्लाक के पद्मिनी शांडिल्य जो 10 परीक्षा में पूरे प्रदेश में 5 वा रेंक हासिल किया है, उसको वर्ग में सम्मानित किया। वहीं बेटी की आगे की शिक्षा के लिए उसको सहयोग करने के साथ विहिप संगठन ने उच्च शिक्षा के लिए गोद लिया है। उन्होंने कहा कि बेटी की प्रतिभा को आगे बढ़ाने में विश्व हिंदू परिषद संगठन जब भी आवश्यकता होगी, उसकी पढ़ाई में पूरी मदद करेगा। बता दें कि पद्मिनी शांडिल्य को उसकी मां रोजी मजदूरी कर पढ़ा रही है।

---

## खबर संक्षेप

### राधिका ने भेजा नोटिस का जवाब, कहा- सुशील के दावे गलत

**रायपुर।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय मीडिया कोआर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने नोटिस का जवाब दिया है। उन्होंने कई तथ्यों के खुलासे किए हैं। कोरबा के रिसॉर्ट में क्या हुआ उनके साथ, ये भी नोटिस के जवाब में लिखा गया है। दरअसल छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेता सुशील आनंद शुक्ला से आपसी विवाद के बाद राधिका ने सुशील पर कई आरोप लगाए। विवाद बढ़ा तो सुशील ने मानहानि का नोटिस भेजा था, जिसका जवाब राधिका ने दिया है। उन्होंने सुशील के दावों को गलत बताकर तीन दिन में माफी मांगने की बात कही है। राधिका खेड़ा के वकील हरिंदर सिंह की ओर से भेजे गए जवाब में बताया गया है कि राधिका खेड़ा को 1 फरवरी 2024 के दिन जब राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा चल रही थी, तब कोरबा के जश्न रिसॉर्ट में रात में सुशील आनंद शुक्ला और धनंजय सिंह ठाकुर ने राधिका को कई बार अनुचित तरीके से शराब की पेशकश की थी। सुशील ने राधिका के इन्हीं दावों की वजह से लीगल नोटिस भेजा था, इसे राधिका की ओर से सही तथ्य बताते हुए मानहानि लीगल नोटिस को अनुचित बताया गया है।

### आतंकवाद विरोधी दिवस पर राजभवन में ली गई शपथ

**रायपुर।** आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर मंगलवार को राजभवन में सचिवालय की उप सचिव हिना अनिमेष नेताम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने तथा विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास बनाए रखने, मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन के मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली शक्तियों से लड़ने की भी शपथ ली।

### मूणत का दावा-ओडिशा में बनेगी भाजपा की सरकार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा विधायक राजेश मूणत बीते कई दिनों से ओडिशा के पुरी में भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्हें रोज अलग-अलग अंदाज में जनसंपर्क करते देखा जा रहा है। मतदान के लिए महज 3 दिनों का वक्त बचा है, ऐसे में उन्होंने चुनाव प्रचार में अपनी ताकत झोंक दी है। मंगलवार को श्री मूणत ने स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मोटरसाइकिल रैली में हिस्सा लिया। इस दौरान वह खुद दोपहिया वाहन चलाते नजर आए। श्री मूणत ने सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बाइक रैली का प्रतिनिधित्व करते हुए पुरी शहर के कई हिस्सों में भ्रमण करके आम जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

### कार की टक्कर से घायल एक्टिवा सवार की मौत

**रायपुर।** कार की टक्कर से घायल एक्टिवा सवार अधेड़ की इलाज के दौरान मौत मामले में राजेंद्र नगर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 20 मई को दोपहर 12 बजे एक्सप्रेस-वे अमलीडीह के पास की है। प्रार्थी राजेंद्र निषाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटना के समय आरोपी कार क्रमांक सीजी-04, एचएम-4050 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही से चलाते हुए एक्टिवा सवार रामजी दीवान निवासी प्रोफेसर कॉलोनी पुरानी बस्ती को ठोकर मार दी थी।

## पेज 11 का शेष

### सरकार चली गई ...

थी। लेकिन, इस सत्र में खुलेगा कि नहीं, ये अब प्रश्न खड़ा हो गया है। पूर्व में कांग्रेस शासनकाल में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान ग्राम पुरई में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वामी आत्मानंद शाला खोलने की घोषणा की थी, लेकिन उनका कार्यकाल समाप्त होने गया, पर शासन से आदेश आज तक नहीं आया है। एक वर्ष पूर्व चंद्राकर समाज के सम्मेलन में आए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सबसे पहले ग्राम अंडा स्वामी आत्मानंद शाला के रूप में चयन करने की घोषणा की थी। ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि इस साल से बच्चों के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल यहां संचालित होगा, लेकिन उनकी सरकार चली गई।

---

**विक्रय**

**शराब की अवैध बिक्री पर नहीं लगी लगाम, पंचायत ने लिया दुकान खुलवाने का निर्णय**

# मोहंदीपाट में फिर खुल सकती है, 13 साल से बंद शराब दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहंदीपाट की शराब भट्टी जो पिछले 12 साल से बंद है, वह फिर से खुल सकती है। गांव सहित क्षेत्र में धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब से परेशान पंचायत और ग्रामीणों ने तय किया है कि गांव की शराब भट्टी को पुनः खुलवाई जाए। इस संबंध में आबकारी विभाग से राय मशविरा के बाद ग्रामीण व पंचायत हस्ताक्षर युक्त आवेदन जिला प्रशासन को करने वाले हैं, इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है।

ग्राम पंचायत मोहदीपाट में 2011 तक शराब की दुकान थी। भारतीय जनता पार्टी की सरकार के दौरान 2000 की आबादी से कम वाली पंचायत क्षेत्र में खुली शराब भट्टियों को बंद कर दिया गया था। इसी मापदंड के तहत तब से आज तक यहां की शराब की दुकान बंद है, लेकिन ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधियों का मानना है कि शराब भट्टी बंद होने के बाद क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री बढ़ी है। गांव–गांव में अवैध शराब बिक रही है। मोहंदीपाट के चारों तरफ काफी दूर के गांवों में शराब की दुकान है। जहां लोग एक दिन जाते हैं और दो–तीन दिन का कोटा पूरा लेकर आते हैं। नहीं मिलने पर इतनी दूर जाने से कतराते हैं जो अवैध शराब बिक्री को बढ़ावा देता है।

इसके चलते गांव में माहौल भी खराब हो रहा है। यही वजह है कि ग्रामीण व पंचायत ने यह तय किया है कि मोहदीपाट में शराब की दुकान को फिर से खुलवाई जाए। पंचायत प्रतिनिधियों का मानना है कि शराब की दुकान खुलने से अवैध शराब की बिक्री नहीं होगी। पीने वाले सीमित मात्र में लेंगे घरों में स्टॉक नहीं रखेंगे। इसके अलावा सरकार को राजस्व का लाभ भी प्राप्त होगा।

## 2000 से कम आबादी वाली पंचायतों में भाजपा सरकार ने बंद करवा दी थी शराब दुकानें




### मदिराप्रेमियों का समय बचेगा

ग्राम मोहंदीपाट के चारों ओर लगभग 15 से 20 किलोमीटर की दूरी पर शराब की दुकाने हैं। एक तरफ अर्जुंदा दूसरी तरफ सोमनी, तीसरी तरफ अंडा जाने के बाद ही क्षेत्र के लोगों को शराब मिलती है। ऐसे में मोहदीपाट में फिर से शराब की दुकान खुल गई तो यह शराब प्रेमियों के लिए खुशखबरी वाली बात होगी, क्योंकि उन्हें शराब के लिए ज्यादा लंबा सफर तय करना नहीं पड़ेगा।

### हस्ताक्षर अभियान चलाकर कलेक्टर को देंगे आवेदन : सरपंच

सरपंच ग्राम पंचायत मोहदीपाट सुशीला देवांगन ने कहा कि गांव में अवैध शराब की बिक्री ज्यादा हो रही है। इसलिए ग्रामीणों ने और पंचायत में तय किया है कि मोहदीपाट की बंद शराब की दुकान को फिर से खुलवाई जाए। इसके लिए गांव में हस्ताक्षर अभियान चलाकर शीघ्र ही कलेक्टर को आवेदन देंगे।

### ग्रामीणों को बताई प्रक्रिया : जिला आबकारी अधिकारी

जिला आबकारी अधिकारी बालोद राजेश शर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायत मोहदीपाट की सरपंच व कुछ लोग इस संबंध में जानकारी लेने कार्यालय आए थे। मोहदीपाट में फिर से शराब की दुकान खोलने की मांग रखी है। उन्हें प्रक्रिया से अवगत करा दिया गया है।

---



# समर कैंप के दूसरे दिन कराई गईं विविध गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शाला स्तरीय समर कैंप के द्वितीय दिवस वनांचल के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला भीमपुरी के संयुक्त आयोजन में शाला के बच्चों को यातायात के नियम, लू (हीट स्ट्रीक) से बचाव से संबंधित जानकारी दी गई। इसके साथ ही रोचक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इसी प्रकार शासकीय प्राथमिक शाला मुजालगोंदी में सभी बच्चों ने चित्रकला के विभिन्न कौशलों के विकास संबंधी गतिविधियों में भाग लिया। संकुल केंद्र भीमपुरी अंतर्गत समस्त शालाओं में समर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इन कैंपों में बच्चे लूडो, कैरम, दौड़, क्ले आर्ट, संगीत, नृत्य आदि गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।



समर कैंप में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में शाला के शिक्षक केशु राम ठाकुर, नीलिमा आलेंद्र, भारती सोनी, रामकुमार देवांगन प्रधान पाठक एवं आशीष कुमार कुलदीप संकुल समन्वयक का विशेष योगदान रहा।

---

# दिल्ली और हरियाणा में प्रचार करेंगे बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज दिल्ली और हरियाणा में कांग्रेस के पक्ष में प्रचार के लिए पहुंच गए हैं। सिरसा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही कुमारी सैलजा के पक्ष में प्रचार करेंगे। दिल्ली दौरे को लेकर उन्होंने कहा, पार्टी जहां जिम्मेदारी देगी वहां काम करेंगे। हरियाणा और दिल्ली में पार्टी के पक्ष में प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है। दिल्ली रवाना होने से पहले संवाददाताओं से चर्चा में अमित शाह के 4 जून को कांग्रेस ढूंढ़ो यात्रा के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा, यह तय है कि 4 जून को नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। हताशा, निराशा अमित शाह के बयानों में साफ झलक रही है। कांग्रेस छोड़ भाजपा में गए नेताओं को श्री बैज ने डिस्पोजल बताते हुए कहा, ये लोग कांग्रेस में थे, तब फ्रंट पर रहकर काम करते थे। भाजपा में सभी नेता सिर्फ डिस्पोजल की तरह काम करेंगे। इनके भाजपा में जाने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

### पंडरिया हादसे पर कांग्रेस ने कहा- मृतकों को 20 और घायलों को 5 लाख मुआवजा दें

*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पंडरिया सड़क हादसे के मृतकों के परिजनों को 20 लाख तथा घायलों को 5 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। सभी प्रभावित लोग तेंदूपत्ता तोड़ने गये थे, आदिवासी वर्ग से हैं। इन सभी को मुआवजे के साथ शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक श्रमिक बीमा योजना के तहत भी लाभ दिया जाना चाहिये। उन्होंने कहा, मृतकों के अंतिम संस्कार में भाजपा सरकार ने संवेदनहीनता की सारी सीमाओं को तोड़ दिया, मृतकों का अंतिम संस्कार एक साथ किया गया। सरकार ने उनके लिये व्यवस्था करने में कोताही बरती। गृहमंत्री इस मामले में बेहद ही आपत्तिजनक बयान देते हैं कि सभी एक ही गोत्र के थे, इसलिये उनको एक ही चिता में जलाया गया, जबकि आदिवासी समाज में ऐसी कोई प्रथा नहीं है।*

---

# आरएसएस का प्रशिक्षण वर्ग 586 शिक्षार्थी ले रहे भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गर्मियों में प्रतिवर्ष लगाए जाने वाले प्रशिक्षण वर्गों की श्रृंखला में इस वर्ष छग प्रांत के रायपुर महानगर में संघ शिक्षा वर्ग लगाया गया है। समाज को संगठित करने तथा शाखा कार्य करने की क्षमता अर्जित करने के लिए संघ शिक्षा वर्ग में 19 मई से 15 दिनों के लिए कठोर शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। संघ शिक्षा वर्ग में 586 शिक्षार्थी भाग ले रहे हैं। प्रातः 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक दिनचर्या का पालन करते हुए स्वयंसेवक समय पालन, अनुशासन व समाज के प्रति अपनत्वभाव को आचरण में उतारता है। कृष्णा पब्लिक विद्यालय डुंडा में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में प्रान्त संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा ने कहा, संघ संपूर्ण हिंदू समाज का संगठन है। सारा समाज एक है। ऐसा भाव जागृत करने का कार्य हमें करना है। शाखा कार्य यानी देश के लिए अच्छे व्यक्ति तैयार करना, जिसे हम व्यक्ति निर्माण कहते हैं। हमें हम, मैं और मेरा से ऊपर उठकर प्रत्येक गांव में शाखा और मिलन प्रारंभ करना है। वर्ग के सर्वाधिकारी भगवान दास बंसल ने शिक्षार्थियों से समाज परिवर्तन के लिए नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन पर कार्य करने की प्रेरणा दी।

- 2 जून तक शाखा कार्य करने का दिया जाएगा प्रशिक्षण

---

# निर्धारित गाइड लाइन कीमत से कम पर न हो संपत्ति का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग संपत्ति के मूल्यांकन से होने वाले नुकसान को लेकर सतर्क हो गया है। विभाग ने इस संबंध में जिला पंजीयकों को पत्र लिखकर संपत्ति के न्यून मूल्यांकन से होने वाली राजस्व हानि रोकने के साथ प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने का निर्देश दिया है। वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग द्वारा सभी जिला पंजीयकों को जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित गाइडलाइन कीमतों से कम कीमत पर संपत्ति का मूल्यांकन नहीं किया जाए। यदि किसी प्रकरण विशेष में ऐसा प्रतीत होता है कि संपत्ति की कीमत गाइडलाइन दर से भी कम हो सकती है, तो नियमों के तहत साक्ष्यों के साथ प्रस्ताव भेजकर अनुमोदन के बाद आगे की कार्यवाही करें।

- जिला पंजीयकों को विभाग ने लिखा पत्र, कहा- नियमों के तहत करें निर्धारण




उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा गाइडलाइन दरों में 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही थी। छूट के आधार पर संपत्ति की कीमत का निर्धारण कर पंजीयन किया जाता था। भाजपा सरकार आने के बाद इस छूट को खत्म कर निर्धारित गाइडलाइन के आधार पर पंजीयन किया जा रहा है। उसके आधार पर अब मूल्य का निर्धारण करने में दी जाने वाली छूट दिए जाने के संबंध में सतर्क रहने कहा गया है।

### प्रकरणों का निराकरण तीन माह में करें

यही नहीं, नई आवासीय, व्यावसायिक या औद्योगिक परियोजना का मूल्य निर्धारण करते समय छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों को आधार बनाते हुए नियमों के अनुसार कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि यादृच्छिक आधार पर दर अवधारित नहीं की जाए। पत्र में कलेक्टर ऑफ स्टाम्प के समक्ष दर्ज प्रकरणों का निराकरण एक माह के भीतर सुनिश्चित करने कहा गया है। वहीं ऐसे प्रकरण में जहां जांच आवश्यक हो, कारण बताते हुए अधिकतम तीन माह के भीतर निराकरण करने कहा गया है।

### निर्देशों का पालन न करने पर होगी कार्रवाई

यही नहीं, जिला पंजीयकों द्वारा निराकृत प्रकरणों की सूची 15 दिवस में एक बार, महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक को निर्धारित प्रारूप में अनिवार्य रूप से भेजने के लिए निर्देशित किया गया है। इन निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर गंभीर कदाचार मानते हुए कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

---

## 4 जून को वोटों की गिनती के लिए व्यापक प्रबंध, राज्य के वोटों की गिनती सभी जिलों में

# छत्तीसगढ़ के 50 अधिकारी 21 राज्यों में कराएंगे मतगणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चार जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए छत्तीसगढ़ के 50 अफसर 21 राज्यों में जाएंगे। इनमें प्रदेश के कई राप्रसे अधिकारी और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शामिल हैं। इन्हें ऑब्जर्वर बनाया गया है। इधर छत्तीसगढ़ की 11 सीटों के लिए हुए मतदान के वोटों की गिनती के लिए 13 सौ से अधिक कर्मचारी अधिकारी तैनात किए गए हैं। ये अधिकारी, कर्मचारी राज्य के सभी जिलों के मतगणना केंद्रों में काम करेंगे।

**ये अधिकारी 21 राज्यों में जाएंगे:** छत्तीसगढ़ के भी 50 से ज्यादा अधिकारी अलग-अलग राज्यों में पर्यवेक्षक बनकर निगरानी करेंगे। इनमें अविनाश चंपावत को नागालैंड, प्रसन्ना को उत्तरप्रदेश, भीम सिंह यह को दिल्ली, डॉ प्रियंका शुक्ला को तेलंगाना, कुलदीप शर्मा को विहार, विनीत नंदनवार को हिमाचल प्रदेश, संजीव झा को महाराष्ट्र में ऑब्जर्वर बनाया गया है। भीम सिंह दिल्ली, टोपेश्वर वर्मा और तमिलनाडु, कुलदीप शर्मा विहार, तारण प्रकाश सिन्हा गुजरात, राजेंद्र कुमार कटारा गुजरात, डोमन सिंह ने के कर्नाटक, विनीत नंदनवार हिमाचल प्रदेश, प्रियंका शुक्ला तेलंगाना, जनक पाठक, उत्तरप्रदेश, प्रसन्ना, उत्तरप्रदेश, दीपक सोनी राजथान, सारांश मित्तर राजथान, पदुम सिंह एल्मा ओडिशा, सर्वेश भूरे आंध्र प्रदेश, आभा तिवारी उत्तराखंड, कुंजाम झारखंड, सिली थॉमस उत्तरप्रदेश रुचि शर्मा उत्तरप्रदेश, भारती चंद्राकर उत्तरप्रदेश, उज्जवल पोरवाल तमिलनाडु, एका तमिलनाडु, योगेंद्र श्रीवास राजस्थान, विनय कुमार सोनी पंजाब, वैभव कुमार पंजाब, नेहा कपूर ओडिशा, लीना कोसम ओडिशा, माधुरी सोम ठाकुर ओडिशा, विनय शर्मा ओडिशा, आनंद रूप तिवारी ओडिशा, अविनाश चंपावत नागालैंड, ज्योति जुगल मिजोरम, आरती वासनिक मेघालय, पुलक भट्टाचार्य मेघालय, प्रेमलता मांडवी महाराष्ट्र, अनुप्रिया मिश्रा महाराष्ट्र, यामिनी पांडेय गुप्ता महाराष्ट्र, संजीव कुमार झा महाराष्ट्र. प्रणव सिंह महाराष्ट्र, इफ्फत आरा केरल अजय त्रिपाठी केरल, सिम्मी नाहिद कर्नाटक, देव नारायण कश्यप हिमाचल प्रदेश, अवध राम टंडन हरियाणा शामिल हैं।

### *छत्तीसगढ़ में 1302 अफसर, कर्मी कराएंगे गिनती*

*मतगणना के लिए माइक्रो आब्जर्वर की देखरेख में पूरा कार्य रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अफसरों के माध्यम से पूरा कराया जाएगा। निर्वाचन हर लोकसभा के विधानसभाओं के आधार पर 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। इसके साथ ही सभी विधानसभाओं में 60 कर्मचारियों की ड्यूटी लगेगी। यहां 7 काउंटिंग अफसरों के साथ सहायक रिटर्निंग अधिकारी और माइक्रो आब्जर्वर मौजूद रहेंगे। सभी जिलों में डाक मतपत्रों की गिनती पहले होगी। डाक मतपत्रों की गिनती के लिए 110 सहायक रिटर्निंग अफसर लगाए जाएंगे। मतगणना में कुल 1302 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।*

### *मतगणना स्थल पर रहेगी ये व्यवस्था*

*छत्तीसगढ़ की 11 सीटों के लिए हर जिले में मतगणना होगी। राजधानी रायपुर में इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार में वोटों की गिनती होगी। मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं व मतगणना अभिकर्ताओं को कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है तथा प्लास्टिक पेन या पेंसिल ले जाने की अनुमति रहेगी। मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था के लिए अभ्यर्थी,निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा नियुक्त व्यवस्थापक के माध्यम से भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त किसी एक मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदान किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को अभ्यर्थियों और निर्वाचन अभिकर्ताओं को इन व्यवस्थाओं से अवगत कराने के साथ ही इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए हैं। मतगणना हॉल में मोबाइल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बीड़ी, सिगरेट और गुटका प्रतिबंधित रहेगा।*

---

### कांग्रेस मुख्यालय में राजीव गांधी को दी गई श्रद्धांजलि



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि, आतंकवाद विरोध दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि दी। उनकी पुण्यतिथि पर प्रदेश के सभी जिलों एवं ब्लाक कांग्रेस के कार्यालयों में आतंकवाद विरोध दिवस पर शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महेन्द्र छाबड़ा, महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, अजय साहू, अजय गंगवानी, मणी प्रकाश वैष्णव, अनुभव शुक्ला, शशि भगत, महमूद अली, रमेश राम महंत सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### महफ़िल ए मुशायरा में शिकसा के कलाकार सदस्यों ने बांधा समां

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में शेरो शायरी का कार्यक्रम शिकसा महफ़िल ए मुशायरा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन, विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी की उपस्थिति व टीकाराम सारथी हसमुख प्राचार्य चुरतेली की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना कांती यादव व राज गीत माधुरी करसाल ने प्रस्तुत कर किया। कार्यक्रम में हेमा चन्द्रवंशी, डॉ. प्रमोद आदित्य, रामकुमार पटेल, राजीव लोचन कश्यप, चन्द्र कुमार चन्द्रा, हरमन कुमार बघेल, ओपी कौशिक रतनपुरिहा, रेखा पात्रे, शकुंतला सहंश, घनश्याम पटेल, धनेश्वरी सिन्हा आदि ने शेर, शायरी व गजल की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम कंवर तथा आभार प्रदर्शन डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने किया।

### 10वीं में द्रोणिका व 12वीं में निखिल प्रथम




**लाटाबोड़।** शासकीय अनुदान प्राप्त विद्यालय श्री राम विद्या मंदिर पैरी के हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 80 एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल का परीक्षा परिणाम 70 प्रतिशत रहा।



कक्षा 10 वीं में द्रोणिका दिल्लीवार ने 92.6 प्रतिशत के साथ प्रथम, हिमांशु कौमार्य ने 91 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, कक्षा 12 वीं में निखिल साहू ने 82 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम एवं प्रतिष्ठा साहू ने 78.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य पी गोटी एवं सभी शिक्षकों ने सभी सफल छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें कार्य : चंद्राकर

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने क्षेत्र के



विकासकार्यों को लेकर अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं। विधायक श्री चंद्राकर ने क्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारियों से कहा है कि सभी कार्यों को तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि गुणवत्ताहीन कार्य बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जहां भी गुणवत्ताहीन कार्य की शिकायत मिले, वहां दोषियों पर तत्काल कार्रवाई करें। इसके साथ ही सही काम नहीं करने वाले ठेकेदारों-वेंडरों की राशि रोक दें। श्री चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र का विकास और जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है।

# शिक्षा के अधिकार अधिनियम के नियमों का कड़ाई से पालन करें निजी विद्यालय

## जिला पंचायत सीईओ ने निजी शालाओं के प्रमुखों की बैठक लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डा. संजय कन्नौजे ने कहा कि जिले की सभी शासकीय शालाओं के साथ निजी शालाओं में भी शिक्षा के अधिकार अधिनियम के सभी प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

डा. कन्नौजे ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिले की निजी शालाओं के प्रमुखों की बैठक लेकर उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009, अप्रैल 2010 से प्रभावशील हो चुका है। इसके अंतर्गत गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों के प्रारंभिक कक्षाओं में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर कमजोर एवं दुर्बल वर्ग तथा अलाभित समूह के बच्चों को उनकी पहुंच सीमा में प्रवेश दिलाया जाता है। उन्होंने इसके परिपालन में जिले की सभी निजी शालाओं में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के सभी प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा, ताकि सभी पात्र विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने ड्रॉप आउट हो चुके बच्चों की जानकारी पोर्टल में मार्क की कार्यवाही अनिवार्य रूप से करने के भी निर्देश दिए। बैठक में डा. कन्नौजे ने जिले में शिक्षा के अधिकार अधिनियम पालन सुनिश्चित कराने जिला स्तर पर निरीक्षण टीम का गठन कर निजी विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार, शुल्क, मान्यता संबंधी आवश्यक दस्तावेजों का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। उन्होने निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।




**नियमों की दी जानकारी**

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने सभी अशासकीय विद्यालयों के संस्था प्रमुखों को पीपीटी के माध्यम से निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होने निजी शालाओं के संस्था प्रमुखों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश भी दिए।

## चेतावनी : एसडीएम ने दल्लीराजहरा के व्यापारियों से की अपील

# सड़क पर सामान न फैलाएं व्यापारी दुकान के बाहर किया कब्जा हटा लें




हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

लगातार हो रही दुर्घटनाओं और असमय मौत को लेकर दल्ली राजहरा अनुविभागीय दंडाधिकारी रामकुमार सोनकर ने दल्ली राजहरा के व्यापारियों से अपील की है कि दुकान के बाहर रखे गए सामानों को मुख्य सड़क तक ना फैलाएं। बाहर सामान को न रखें, आवागमन में बाधा उत्पन्न ना हो, सड़क क्लियर रखें, ताकि आवागमन में परेशानियों का सामना किसी को ना करना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि वाहनों की गति निर्धारित सीमा से अधिक न रखें। दो पहिया वाहन चालक हेलमेट लगाएं।

- दी चेतावनी- स्वेच्छा से कब्जा हटा लें, अन्यथा सामान जब्त कर लेगी प्रशासन की

एसडीम रामकुमार सोनकर ने दल्ली राजहरा के व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि स्वेच्छा के साथ अपनी दुकान के सामने अवैध कब्जे जो किए गए हैं उसे



तत्काल प्रभाव से हटा लें। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी कि यदि व्यापारी स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाता है, तो स्थानीय प्रशासन ,नगर पालिका और पुलिस प्रशासन ,राजस्व प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण तोड़दस्ता के साथ शहर के मुख्य मार्ग में निकलकर दुकान के सामने रखे गए सामानों की जब्त बनाकर कड़ी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से बचने के लिए स्वेच्छा से दुकानदार अपना सामान स्वयं हटा लें, सड़कों तक न फैलाएं, ताकि किसी को किसी भी तरह की अपनी अप्रिय स्थिति का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अतिक्रमण होने की



वजह से चौड़ी सड़कें संकरी हो जाती हैं, आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और दुर्घटनाएं होती हैं। दुर्घटनाएं होने पर असमय लोगों की मौतें भी हो रही है जो काफी चिंतनीय विषय है। ऐसी स्थिति में दल्लीराजहरा के व्यापारियों और आमजनों से अपील है कि अतिक्रमण न करें और न ही दूसरों को करने दें। बल्कि स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर स्थानीय शासन प्रशासन का सहयोग करें।

नगर पुलिस अधीक्षक चित्रा वर्मा ने भी कहा कि आए दिन लगातार दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। दल्लीराजहरा के व्यापारियों द्वारा सड़कों तक सामान निकाल लिये जाने के कारण चौड़ी सड़क सकरी हो गई है। अगर व्यापारी स्वयं स्वेच्छा से नहीं हटाते हैं तो पुलिस बल की उपस्थिति में अतिक्रमण हटाया जाएगा इसके जिम्मेदार स्वयं व्यापारी होंगे। थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने भी कहा कि लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। दुर्घटनाएं हो रही हैं। सड़कों तक सामान जमा लिया गया है, जिसकी वजह से दुर्घटनाएं होने की आशंका बढ़ रही है।

नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर ने कहा कि दो पहिया वाहन चालक हेलमेट लगाकर चलाएं और दल्लीराजहरा के व्यापारी जो सड़कों तक अतिक्रमण कर लिए हैं, सामान लगा रहे हैं, वे दुकानों के अंदर अपने सामानों को लगाएं, नहीं तो आगामी दिनों में नगर पालिका की टीम राजस्व और पुलिस प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर ने बताया कि अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों को नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के लिए अपील की गई है, अन्यथा आगामी दिनों अतिक्रमण तोड़ू दस्ता द्वारा कार्रवाई की जाएगी।




## हर्राठेमा विद्यालय में प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

वनांचल में बसे शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हर्राठेमा में बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के छात्र–छात्राओं को उत्कृष्ट परिणाम लाने पर सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कक्षा दसवीं में खुशबू प्रथम, मोहनिस द्वितीय, दिव्या तृतीय स्थान पर रहीं। इसी प्रकार 12वीं कला संकाय में रंजीता प्रथम, प्रियंका द्वितीय, राधिका तृतीय स्थान पर रहीं और विज्ञान संकाय में नीलम प्रथम, तेजस्विनी द्वितीय और यमुना तृतीय स्थान पर रहीं, अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र के सामने विधि विधान से पूजन किया गया। तत्पश्चात आए हुए अतिथियों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में पहुंचे अकबर सिंह कुंजाम, कोमल सिंह यारदा, पंचराम प्रजापति, संकुल समन्वय केपी तिवारी ने बच्चों को आशीर्वाद दी। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सीएल कलिहारी ने बच्चों को सील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और कहा कि उत्कृष्ट परिणाम केवल बच्चों के मेहनत का ही फल नहीं है अपितु इसके पीछे शिक्षक, पालक, ग्रामीण सदस्य आदि सभी का प्रयास रहता है। आने वाले सत्र में और भी अच्छा परिणाम आ सके इसके लिए हम सब अथक प्रयास करेंगे।

सम्मान समारोह में गन्नू राम, जगदीश राम, ओम प्रकाश प्रजापति शिक्षक लिखेंद्र सिन्हा प्रमोद कुमार ठाकुर, प्रमोद अवस्थी, शोभित कुमार एवं ममता बच्चे व ग्रामीण उपस्थित थे। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन चमन कलिहारी ने किया।




## शासकीय विद्यालय सहगांव के बच्चे सीख रहे रचनात्मक गतिविधियां




**डौण्डीलोहारा।** ग्रीष्मकाल में बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर बहुमुखी कौशल विकास के लिए शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला सहगांव में 20 मई से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में बच्चों को चित्रकला, गायन, कहानी लेखन, खेलकूद, नृत्य व स्वतंत्रत लेखन सिखाया जा रहा है। इस कार्य को सफल बनाने के लिए विद्यालयीन स्टॉफ केएल चुरेन्द्र, शरद मालेकर, नीलिमा राम, प्रीति चौहान, होमलाल पटेल, विजय कुमार पटेल, केशर अलेन्द्र, गिरीश कुमार निर्मोही, दीपा आमदो, हेमलता साहू अपनी सहभागिता दे रहे हैं।

## समर कैंप बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए सहायक




हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

शासन के योजनानुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश पर बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए स्वैच्छिक समर कैंप का आयोजन प्रत्येक स्कूलों में करवाया जा रहा है।

इसी तारतम्य में पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर में प्रथम दिवस 20 मई 2024 को खेलकूद के रूप में आयोजित किया गया। द्वितीय दिवस के रूप में 21मई को चित्रकला के माध्यम से बच्चों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियां



कराई गईं। तृतीय दिवस 22 मई को गायन एवं वाद्य यंत्रों के द्वारा बच्चों को विभिन्न संगीत के माध्यम से गतिविधियां कराई गई। डाइट दुर्ग से श्री चंद्रवंशी का आकस्मिक अवलोकन पीएम श्री प्राथमिक शाला संबलपुर में किया गया। श्री चंद्रवंशी ने संबलपुर के विभिन्न गतिविधियों को सराहा और शाला के रंग रोगन प्रिंट रिच की प्रशंसा की। इसके साथ ही आगे और अधिक कार्य करने के लिए सभी शिक्षकों को निर्देशित किया। समर कैंप के कार्यक्रम के रूपरेखा प्रति दिवस शाला की प्रधानपाठिका वीणा ठाकुर द्वारा बनाई गई है। इन कार्यक्रमों को सुनीता साहू, राजेश्वरी साहू, अनिल दिल्लीवार कुमार, संभव देवांगन सभी शाला के शिक्षकों द्वारा मिलकर क्रियान्वित किया जा रहा है।

## सोनोग्राफी की परीक्षा पास करने वालों को पांच महीने बाद सर्टिफिकेट

**रायपुर।** नियम का पालन करते हुए सुरक्षित ढंग से सोनोग्राफी करने की परीक्षा पास करने वाले आठ डाक्टरों को पांच महीने बाद सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया है। पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने लिखित और प्रायोगिक परीक्षा ली थी, जिसमें 11 डाक्टर शामिल हुए थे। पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत सोनोग्राफी सेंटर संचालित करने वाले चिकित्सकों के लिए इस परीक्षा को पास करना अनिवार्य किया गया है। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा इसके लिए समय-समय पर परीक्षा का आयोजन किया जाता है। पिछली बार हुई लिखित परीक्षा के बाद प्रेक्टिकल एग्जाम में कुल 11 चिकित्सा अधिकारी शामिल हुए थे। इनमें से आठ ने परीक्षा उत्तीर्ण की, दो फेल हुए हैं और एक चिकित्सक को परीक्षा के लिए अयोग्य पाया गया था। दिसंबर में इसका परिणाम घोषित किया गया था और मई में उत्तीर्ण चिकित्सकों को प्रमाणपत्र देने की शुरुआत की गई है।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
हड्डी रोग
मस्तिष्क रोग
कार्डियोलॉजिस्ट
डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
प्लास्टिक सर्जरी
यूरोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध



# संजीवनी

हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

# कैंसर स्क्रीनिंग एवं जागरुकता अभियान

"It's Not Only A Camp... It's for Your Future Health"

**दिनांक**
12 मई से 25 मई तक

**समय**
प्रातः 10:00 बजे से
संध्या 05:00 बजे तक

**संजीवनी हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल**
पुलिस थाना के सामने, चिखली,
राजनांदगांव (छ.ग.)



- योनि से असामान्य रक्तस्त्राव, जो मासिक धर्म के बीच या रजोनिवृत्ति के बाद हो सकता है
- असामान्य योनि स्त्राव, जो गाढ़ा, गंधयुक्त और/या खून से सना हुआ हो सकता है
- मासिक धर्म जो सामान्य से अधिक भारी या लंबे समय तक चलने वाला होता है
- संभोग के दौरान योनि से रक्तस्त्राव या दर्द
- पैल्विक परीक्षण के दौरान योनि से रक्तस्त्राव
- पीठ के निचले हिस्से या श्रोणि क्षेत्र में दर्द
- पेशाब के दौरान दर्द होना
- मूत्र की तात्कालिकता या आवृत्ति
पैर में सूजन

## सर्वाइकल कैंसर का शीघ्र पता कैसे लगाया जा सकता है?

सर्वाइकल कैंसर के प्रभावी उपचार के लिए शीघ्र पता लगाना महत्वपूर्ण है , और नियमित जांच इस उद्देश्य के लिए सबसे अच्छा उपकरण है। सर्वाइकल कैंसर के लिए सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला स्क्रीनिंग टेस्ट पैप स्मीयर है, जो गर्भाशय ग्रीवा में कैंसरग्रस्त और कैंसरग्रस्त कोशिकाओं का पता लगाने के लिए अत्यधिक प्रभावी होता है, अक्सर ध्यान देने योग्य लक्षण दिखाई देने से पहले। इसलिए, 21 से 65 वर्ष की आयु के बीच की कई महिलाओं के लिए पैप स्मीयर की सिफारिश की जाती है और आमतौर पर चिकित्सक द्वारा निर्धारित नियमित अंतराल पर किया जाता है। इसके अतिरिक्त, क्योंकि अधिकांश गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर एचपीवी संक्रमण के कारण होते हैं, एचपीवी परीक्षण शीघ्र पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और नियमित पैप एस मायर्स के साथ कुछ महिलाओं के लिए इसकी सिफारिश की जा सकती है।

## सर्वाइकल कैंसर रोकथाम और स्क्रीनिंग

सर्वाइकल कैंसर का जल्दी पता लगाया जा सकता है। अगर जल्दी पता चल जाए, तो सर्वाइकल कैंसर सफलतापूर्वक इलाज योग्य कैंसर में से एक है। ज्यादातर सर्वाइकल कैंसर के शुरुवात में कोई लक्षण नहीं होते, इसलिए महिलाओं के लिए नियमित स्क्रीनिंग या जांच महत्वपूर्ण है। नियमित स्क्रीनिंग से कैंसर और पूर्व कैंसर लक्षणों का जल्द पता लगाने और जीवन बचाने में मदद मिल सकती है। अधिकांश सर्वाइकल कैंसर, कैंसर से पहले के परिवर्तनों से शुरु होते हैं जो धीरे-धीरे कैंसर में बदल जाते हैं।

## पहचानें स्तन कैंसर के शुरुआती लक्षण, न करें इग्नोर



### स्तन कैंसर के कारण-

- रतन कैंसर किसी भी उम्र में हो सकता है, लेकिन 40 वर्ष की उम्र के बाद इसके होने की आशंका बढ़ जाती है।
- उम्रदराज महिला की पहली डिलीवरी के कारण स्तन कैंसर की संभावना बढ़ जाती है।
- गर्भ निरोधक गोली का सेवन काफी लंबे समय से बिना डॉ. के परामर्श से और हार्मोन की गढबडी इसका अन्य कारण माना जाता है।
- आपके परिवार में पहले से किसी को कैंसर रहा हो तो वंशानुगत कारणों से इस बिमारी के होने का खतरा बढ़ जाता है।
- मासिक समय से पहले होना, गर्भधारण में बिलंब, रजोनिवृति देरी से होना ।

### स्तन कैंसर के लक्षण-

- स्तन का निप्पल के आकार में समामान्य बदलाव ।
- स्तन का दर्द न जाना मासिक चक खत्म होने के बाद भी।
- स्वचा परिवर्तन विशेष रुप से निप्पल में गड्डा पड़ना, सूजन, लाली या खिचाव पड़ना।
- निप्पल से सफेद या लाल रक्त का स्राव होना।
- निप्पल का अन्दर की ओर घसना।

### स्तन कैंसर के बचने का सिर्फ एक ही उपाय है जागरुकता जैसे कि-

- स्तन की जांच महिलाएं हर महीने खुद करें कि उसमे कोई गांठ तो नहीं है।
- यदि किसी महिला को सन्दिग्ध गांठ या वृद्धि का पता चलता है तो तुरंत विशेषज्ञ से सलाह लें।
- 2 3. 40 साल की उम्र में हर साल मेमोग्राफी करवानी चाहिए।
- ब्रेस्ट स्क्रीनिंग के लिए एम.आर.आई. और अल्ट्रासेनोग्राफी भी की जाती है।

## फ्री कैंसर चेकअप कैम्प

मुम्बई व हैदराबाद के प्रसिद्ध कैंसर स्पेशलिस्ट के मार्गदर्शन में निर्धारित शेड्यूल से इलाज व डॉक्टर के द्वारा 24 घंटे सशक्त मॉनिटरिंग

Pi Cancer Care
Personalised & Innovative Cancer care
www.picancercare.com



### डॉ. इप्सित इलाही दास

MBBS, MS, MCH
(Surgical Oncology)

सर्जरी के क्षेत्र में 12 वर्षों का अनुभव एवं उन्होंने विभिन्न कैंसर के उपचार में अपना कौशल और ज्ञान विकसित किया है। इन्होंने एम्स से कैंसर सर्जरी का प्रशिक्षण प्राप्त किया।



### डॉ. भारत पटोडिया

MBBS, FAGE, MD
Medical Oncologist, Surgical Radeation
एस्मो सार्टिफाइ , सी.ए.एस., फेफड़े का कैंसर (स्विटजरलैण्ड), सी.सी.बी., स्तन कैंसर (जर्मनी), कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉसिट्स, पी.आई. ऑन्कोलॉजी, एलुमनि सेंटर एवं हिन्दुजा हॉस्पिटल मुंबई

आयुष्मान भारत के तहत फ्री ईलाज।

हाइटेक ICU & CCU

अनुभवी मेडिकल स्टॉफ

24/7 Emergency Services — आपातकालीन हाइटेक ट्रामा सेंटर एक्सीडेन्टल केस के लिए

एम्बुलेन्स सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध।

## कैंसर का ईलाज हम हैं आपके साथ

नि :शुल्क कैंसर आपरेशन, कीमोथैरेपी*

PROVIDING AFFORDABLE CANCER CARE SERVICES

अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
☎ 07744-299988

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
82699-24365 | 88279-24365

विज्ञापन कटिंग लाने पर पैथोलॉजी टेस्ट में पाएं 50% की छूट

T & C Apply*